"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001"

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002"

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 27 ] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 8 जुलाई 2005—आषाढ़ 17, शक 1927

## भाग 3 (1)

### विविध

### निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 14 जून 2005

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक 11/त.शा./का.अ./लो.स्वा./2005-06.— मुहरबंद एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र "अ" में निम्नलिखित उल्लेखित नल जल स्थल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य हेतु "टर्न की जाब" के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा प्रस्तुत करने की समय सारिणी के अनुसार केवल छ. ग. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

निविदा उसी दिन निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे.

**निविदा की समय सारणी ( केवल बिलासपुर खंड में )**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 08-07-05 (कार्यालयीन अवधि) |
| (2) | कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि एवं समय | : | 11-07-05 (कार्यालयीन अवधि) |
| (3) | निविदा प्रस्तुत करने की तिथि | : | 12-07-05 (अपरान्ह 3 बजे तक) |
| (4) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | 12-07-05 (अपरान्ह 3.30 बजे तक) |

## कार्य का विवरण

बिलासपुर जिले के तखतपुर विकास खंड में स्थित ग्राम चोरमा नल जल स्थल योजना के तहत जल वितरण प्रणाली के लिये विभिन्न आकार के ए. सी. प्रेशर पाइप Class 10 kg/cm² बिछाने एवं जोड़ने का कार्य/में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का संलग्न शेड्यूल के अनुसार स्थल पर प्रदाय, बिछाने एवं जोड़ने का कार्य एवं 1 नग पंपगृह निर्माण का कार्य (विभागीय टाइप डिजाइन के अनुसार) समस्त सिविल कार्य तथा बाल्व चैम्बर, स्टेण्डपोस्ट इत्यादि का निर्माण इन्टर कनेक्शन टेस्टिंग तथा पाइप लाइन चालू करने का एकमुश्त कार्य. (सभी सामग्री सहित). (संलग्न G/Schedule) के अनुसार :—

| समूह क्रमांक | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाखों में) | धरोहर की राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु छोड़कर) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | ग्राम चोरमा विकास खंड तखतपुर 1 नग पंप हाऊस एवं 1 नग आर. सी. सी. पाइप सिस्टर्न महिला बाथरूम एवं Cattle trough का निर्माण कार्य (उल्लेखित विवरण के अनुसार). | 2.50 लाख | 2500/- | 750/- | 2 माह | "बी" श्रेणी एवं उससे ऊपर. |

## निविदा की अन्य शर्तें

1. निविदा की अन्य शर्तें मुख्य निविदा एवं संक्षिप्त निविदा सूचना के अनुसार होगी. निविदा की अन्य जानकारी एवं विस्तृत विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

2. निविदा प्रपत्र एवं अन्य संबंधित जानकारी कार्यालयोन समय में निविदा प्रपत्र का मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रुपये 50/- (पचास रु. मात्र) डाक शुल्क देना होगा. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र खो जाने अथवा समय पर प्राप्त न होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

3. यह निविदा विज्ञप्ति संबंधित निविदा का अंग है. विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित प्रपत्रों की सारी शर्तें एवं नियमों के साथ इसके शर्तें भी लागू होंगे.

4. निविदा दरों की वैधता खुलने की दिनांक से 120 दिनों तक मान्य होगी.

5. कार्य की प्रवृत्ति के अनुसार निम्नलिखित दर सूची इस निविदा में लागू होगी.

**सिविल कार्य :—**

(अ) प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (भवन तथा सड़क), भोपाल की नई दर सूची दिनांक 1-1-2000 से इस विभाग में लागू की गई है.

(ब) पाइप लाइन बिछाने का कार्य :—
प्रमुख अभियंता, लोक स्वा. यां. विभाग, भोपाल (म. प्र.) की नयी Unified Schedule of Rates for the work of water supply & Sewerage pipe lines inforce for 1-9-2002 जो कि छ. ग. शासन उप-सचिव, लोक स्वा. यां. विभाग, रायपुर के पत्र क्र. 1597/सचिव/लो. स्वा. यां./रायपुर, दिनांक 1-10-2004 के अनुसार लागू की गई है. उपरोक्त दोनों दर सूची निविदा जारी होने की दिनांक से समस्त संशोधन सहित लागू होगी.

6. कार्य में लगने वाले ए. सी. प्रेशर पाइप Class 10 kg/cm² का प्रदाय ठेकेदार को विभाग द्वारा किया जावेगा. कार्य स्थल तक परिवहन लोडिंग-अनलोडिंग ठेकेदार को स्वयं करना होगा. किसी भी तरह की टूट-फूट के लिये स्वयं ठेकेदार जिम्मेदार होगा.

7. कार्य में लगने वाला सीमेंट ठेकेदार को स्वयं क्रय कर कार्य में लगाना होगा. सीमेंट का प्रदाय ISI मार्क की OPC सीमेंट IS : A 269/75 पूर्ण संशोधित लगाना होगा, साथ ही Test प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा.

8. कार्य में लगने वाले वाल्व, स्पेशल्स, सी. आई. टायटन ज्वाइंट/ C.I.D. Joint एवं अन्य आवश्यक सामग्री ठेकेदार को स्वयं लगाना होगा प्रदाय की जाने वाले सामग्री D.G.S. & D./S.G.C./RITES द्वारा संबंधित I.S. Code के अनुसार निरक्षित एवं सत्यापित होनी चाहिये.

9. कार्य में लगने वाला स्टील ठेकेदार को लगाना होगा एवं स्टील का Testing प्रमाण पत्र समय-समय पर प्रस्तुत करना होगा.

10. आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा कम/अधिक की जा सकती है.

11. सक्षम अधिकारी को निविदा स्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा.

12. निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन के साथ निम्नलिखित जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावें.
(Attested copy)
(1) नवीन आयकर प्रमाण पत्र/छ. ग. शासन का वाणिज्यकर पंजीयन प्रमाण पत्र.
(2) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र.
(3) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के निष्पादन प्रमाण पत्र के साथ संतोषजनक रूप से पूर्ण किये गये समान प्रकार के कार्यों की सूची, कार्य अनुबंधवार छ. ग. शासन के बिक्री पर पंजीकृत प्रमाण पत्र तथा कार्य का नाम मंडल/विभाग का नाम, कार्य की मात्रा, प्रगति में कार्य की स्थिति तथा टिप्पणियों के साथ कार्यों की सूची संलग्न करना होगा. सफलतापूर्वक कार्य के संपादन हेतु उपलब्ध उपकरण/सयंत्रों की पूरी सूची.

13. छ. ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर के आदेश दिनांक 1-10-04 के अनुसार कार्य के निरीक्षण में Third party Inspection का प्रावधान रखा गया है. इस तरह का निरीक्षण, बिलासपुर संभाग के अन्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सक्षम अधिकारी (बिलासपुर खंड, को छोड़कर) समय-समय पर किया जावेगा. निरीक्षण के पश्चात् ही Payment schedule के अनुसार पूर्ण किये गये कार्यों का भुगतान कार्य की गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्ति के पश्चात् किया जावेगा.

14. समस्त विवादों का निपटारा ''सक्षम न्यायालय'' में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

15. निविदा सूचना छ. ग. शासन के बेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tenders में भी उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार/फर्म उक्त विज्ञप्ति E-MAIL के माध्यम से Pramarao@ c.g.inc. प्राप्त कर सकते है.

हस्ता./-
कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वा.यां.खंड, बिलासपुर (छ.ग.)

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2005.